प्रेस पंजीयन क्रमांक ४७६३४/८८

# पहट

का सर्वप्रिय समाचार पत्र

DARKNESS TO LIGHT
डॉ. डी.के. मुंधा
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ
नजर एवं धूप के चश्मा के लिए
अलंकार आप्टिक्स
तहसील आफिस के सामने,
कचहरी रोड, दुर्ग (छ.ग.)

वर्ष-20 अंक-300 मूल्य 1 रुपया पृष्ठ-6

ांग
ंद
टा के
खोले
सेंगुर
: का
गों ने
ोजना
जमीन
संयंत्र
लेकर
वे पर
द का
ा है।
रेलवे
लाइन
जिससे
त है।

वे पर
हा है।
थल से
किबंदी
में कई
व्यवस्था
कपड़ों
स वाले
कारियों
के दौरान

# ओरिएण्टल इंश्योरेंस एवं दुर्ग-राजनांदगांव ग्रामीण बैंक के मध्य अहम गठबंधन

दुर्ग (पहट)। बीमा दिवस के अवसर पर आज ओरियंटल इंश्योरेंस एवं दुर्ग-राजनांदगांव ग्रामीण बैंक के मध्य अहम गठबंधन हुआ। यह गठबंधन दुर्ग-राजनांदगांव ग्रामीण बैंक के खातेदारों के लिए लाभकारी साबित होगा । इस अवसर पर दुर्ग-राजनांदगांव ग्रामीण बैंक ने प्रीमियम के तौर पर ओरियंटल इंश्योरेंस के अधिकारियों को एक करोड़ 11 लाख रूपये का चेक सौपा। गठबंधन से दुर्ग-राजनांदगांव ग्रामीण बैंक के खातेदारों का दुर्घटना बीमा स्वस्फूर्त लागू होगा।

शिवनाथ नदी तट पर स्थित वृंदावन होटल के सभागार में आयोजित एक समारोह में ओरियंटल इंश्योरेंस के महाप्रबंधक (विपणन) डा एके सक्सेना (प्रधान कार्यालय-नई दिल्ली) एवं दुर्ग-राजनांदगांव ग्रामीण बैंक के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अखिलेश मिश्रा ने संयुक्त रूप से बताया कि बैंक की 103 शाखाओं के सभी खातेदारों एवं



बैंक के सभी खातेदारों को मिलेगा दुर्घटना बीमा का लाभ

बैंक कर्मियों को सामूहिक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा एवं बैंक कर्मचारियों की इस संयुक्त सुविधा का लाभ मिलेगा। बैंक के अध्यक्ष धनंजय कुमार के मुताबिक अभी दुर्ग मंडलीय कार्यालय के अंतर्गत भिलाई में दो व नांदगांव में एक शाखा अपनी सेवाएं दे रही है। वित्तीय वर्ष 07-08 में 11 करोड़ रू का प्रीमियम का संग्रहण किया गया है। संजीवनी स्वास्थ्य बीमा के तहत आम जनता को बैंकिंग एवं बीमा सुरक्षा एक साथ प्रदान करने में सफल होंगे। सुरक्षा पलिसी के तहत महज सौ रू में 5 लाख रू का बीमा मिलेगा। धनंजय के मुताबिक एलआईसी के जरिये 55 सौ लोगों का बीस करोड़ का बीमा पूर्व में कराया जा चुका है।

टाईअप समारोह के अवसर पर कंपनी के मंडल प्रबंधक बीसी बेहरा, शाखा प्रबंधक शैलेंद कुमार ,वरि.डिवी.मैनेजर केएस छाबड़ा, अजय चक्रवर्ती, योगेश बिटलानी, अमोद श्रीवास्तव, डीजीएम एस कौशिक, संजय कदम, आरके साहू, जी जोधी, ओरियंटल इंश्योरेंस के दुर्ग विकास अधिकारी मदन मोहन मिश्रा, डीपी नंद, ओरियंटल इंश्युरेंस के जांच अधिकारी ओमप्रकाश जोशी, सुशील गुप्ता समेत अन्य उपस्थित थे।

पदाधिकारियों एवं कक्षा प्रतिनिधियों को शपथ दिलाई जाएगी।

है उसमें आदिवासी बाहुल्य गांवों में पढ़ने लायक 25 बच्चे चिन्हित होने पर और सामान्य इलाकों में पहली

की पहचान करने तथा स्कूल नहीं भेजने का कारण पता करने के साथ माता-पिता को बच्चों को स्कूल

# बैंक खातेदारों व कर्मचारियों को दुर्घटना व स्वास्थ्य बीमा का लाभ

दुर्ग (नि.प्र.)। क्षेत्र की जनता को वित्तीय एवं सामाजिक आर्थिक सुविधा संयुक्त रूप से प्रदान करने की सेवा भावना को मद्देनजर ओरिएंटल इंश्योरेंस एवं दुर्ग राजनांदगांव ग्रामीण बैंक के मध्य चार अक्टूबर से गठबंधन हुआ है। यह संयुक्त पत्रवार्ता में ओरियंटल इंश्योरेंस महाप्रबंधक (विपणन) डॉ. ए.के.सक्सेना प्रधान कार्यालय नई दिल्ली अखिलेश मिश्रा - मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक इंदौर एवं दुर्ग - राजनांदगांव ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष धनंजय कुमार ने देते हुए बताया कि बैंक और बीमा के इस गठबंधन के पश्चात बैंक के खातेदारों एवं कर्मचारियों को सामूहिक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा एवं संजीवनी (स्वास्थ्य बीमा) का लाभ मिल सकेगा। बैंकों में इस गठबंधन से दुर्ग - राजनांदगांव ग्रामीण बैंक की 103 शाखाओं के सभी खातेदारों एवं बैंक कर्मचारियों की इस संयुक्त सुविधा अनुकरणीय मिसाल में काफी राहत एवं फायदा होगा।

ओरियंटल इंश्योरेंस कंपनी के महाप्रबंधक डॉ. ए. के सक्सेना ने कहा कि इस टाईअप के माध्यम से हम क्षेत्र के समय विकास हेतु आम जनता को बैंकिंग एवं बीमा सुरक्षा एक साथ प्रदान करने में सफल होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि संजीवनी स्वास्थ्य बीमा के अंतर्गत मात्र 900/- रू. प्रीमियम लेकर 50,000/-रू. का स्वास्थ्य बीमा डी.आर.जी.बी.के. खातेदारों की (परिवार सहित) प्रदान किया जायेगा। इसी तरह सुरक्षा

## ओरिएंटल इंश्योरेंस व ग्रामीण बैंक में गठबंधन

पॉलिसी के अंतर्गत मात्र 100 रू. (टैक्स सहित) वार्षिक प्रीमियम पर 500000 रू. का दुर्घटना बीमा का प्रावधान किया गया है।

ओ.ओ. सी.एवं डी.आर.जी.बी. के टाईअप कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर ओरियेंटल इंश्योरेंस कंपनी के मण्डल प्रबंधक बी.सी. बेहरा ने प्रधान कार्यालय दिल्ली से आये महाप्रबंधक (विपणन) डॉ. ए.के.सक्सेना एवं दुर्ग - राजनांदगांव ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष धनंजय कुमार एवं ओरिएण्टल के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अखिलेश मिश्रा का स्वागत किया। श्री बेहरा ने स्वागत भाषण में कहा कि मण्डलीय कार्यालय दुर्ग एवं उनके अंतर्गत विभिन्न शाखाओं के माध्यम से 70000 से अधिक उपभोक्ताओं को सेवाएं प्रदान की जाती है एवं लगभग दस करोड़ रूपये दावा राशि का भुगतान 3000 दावों के अंतर्गत करती है। श्री बेहरा ने कहा कि उक्त गठबंधन में राजनांदगांव के शाखा प्रबंधक शैलेंद्र कुमार एवं डीआर ओ के अध्यक्ष व धनंजय कुमार की मुख्य भूमिका है। उक्त गठबंधन के अंतर्गत 1 लाख पांच सौ लोगों की बीमा कराया गया है, जिसमें बैंक द्वारा एक करोड़ पांच लाख रू. प्रीमियम राशि का भुगतान किया गया है। श्री बेहरा ने बताया कि सामान्यत: प्रति व्यक्ति 700 रू. प्रीमियम दर निर्धारित है किंतु गठबंधन के अंतर्गत डी.आर. ओ. बी.के. खातेदारों एवं कर्मचारियों से केवल 100 रू. प्रति व्यक्ति राशि लेकर रियाती दर पर बीमा आवरण प्रदान किया जा रहा है।

## सच्चे पथ प्रदर्शक हैं संतजन

डोंगरगढ (नि.प्र.)। हिन्दू संत महात्माओं पर एक के बाद एक लगाए आरोपों की निंदा करते हुए सेवा कल्याण परिषद के प्रदेश अध्यक्ष गेंदलाल देवांगन ने कहा है कि संत महात्मा समाज के सच्चे पथ प्रदर्शक हैं उन पर आरोप लगाकर उन्हें जनता के बीच बदनाम करने की साजिश बंद होनी चाहिए।

श्री देवांगन के अनुसार बाबा रामदेव, शंकराचार्य, सत्य साईं बाबा, कृपालु महाराज, के बाद लोकसंत आसाराम बापू के खिलाफ दुष्प्रचार किया गया।

## दुर्गोत्सव समिति के खेलूराम अध्यक्ष बने

तुमडीबोड (नि.प्र.)। ग्राम मे दुर्गोत्सव समिति का गठन किया गया जिसके अध्यक्ष खेलूराम साहू, उपाध्यक्ष पुरूषोत्तम दास, कोषाध्यक्ष चतुर राम साहू, सचिव जैनूराम, संयोजक पुखराज जैन, संरक्षक उदय पटेल, चुरामन साहू आदि है।